# सीएम कल उद्योगपतियों से करेंगे चर्चा

## निवेश के लिए हैदराबाद में होगा इंटरएक्टिव सेशन

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 20 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 22 नवंबर को द लीला, हैदराबाद में आयोजित मध्यप्रदेश के उच्च स्तरीय इंटरएक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे. सत्र में प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों, नीतिगत सुधारों और निवेश-अनुकूल माहौल जानकारी निवेशकों के साथ साझा की जाएगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योग प्रतिनिधियों को प्रदेश में विकसित औद्योगिक पार्कों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रोत्साहन, कनेक्टिविटी और निवेश प्रक्रियाओं की सहजता से अवगत कराएंगे. यह सत्र उद्योगों और निवेशकों को प्रदेश की वास्तविक औद्योगिक क्षमताओं के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कराने का अवसर प्रदान करेगा. हैदराबाद सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण, वैश्विक क्षमता केन्द्र, इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली डिजाइन एवं निर्माण, अभियांत्रिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों का प्रमुख केन्द्र रहा है. इस क्षेत्र के उद्योगपतियों से संवाद के माध्यम से मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों को लेकर प्रत्यक्ष विचार-विमर्श होगा.

सत्र में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों का विस्तृत प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा. उद्योगपति प्रदेश के विकसित औद्योगिक क्षेत्रों, आधुनिक अवसंरचना और विभिन्न सेक्टरों की वास्तविक संभावनाओं को समझ सकेंगे. चयनित उद्योगपतियों को मुख्यमंत्री के साथ एक-से-एक बैठक का अवसर मिलेगा, जिससे वे निवेश या विस्तार से संबंधित प्रस्तावों पर सीधे चर्चा कर सकेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 22 नवम्बर को हैदराबाद प्रवास के दौरान देश में हरित ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी ग्रीनको एनर्जीस प्रायवेट लिमिटेड ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को हैदराबाद स्थित हाईटेक सिटी माधापुर में उनके कॉर्पोरेट आफिस हेडक्वार्टर विजिट के लिए आमंत्रित किया है. कंपनी के उपाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी मध्यप्रदेश में अपना निवेश बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है. उन्होंने कहा कि कंपनी के ग्रुप सीईओ एवं एमडी अनिल चलमलसेट्टी स्वयं इस निवेशक संवाद सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे. उनके साथ कंपनी के सीईओ (एनर्जी ग्रीन) गौतम रेड्डी कुंबम एवं प्रमुख सलाहकार बंडारु नरसिम्हाराव भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मध्यप्रदेश में संभावित निवेश प्रस्तावों पर चर्चा करेंगे.

### सीएम आज कागपुर में आज देंगे 39.80 करोड़ की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विदिशा जिले की ग्राम पंचायत कागपुर में 21 नवम्बर को पंचायत क्षेत्र में 39.80 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. इन विकास कार्यों से आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर के रहवासियों को और अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के 34.05 करोड़ की लागत के 135 नवीन स्वीकृत सामुदायिक भवनों एवं कागपुर कनारी से विदिशा-अशोकनगर मार्ग का भूमिपूजन और आदर्श ग्राम पंचायत कागपुर में 5.75 करोड़ की लागत से बनाए गए हाट बाजार के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है.

# व्यापारी और किसानों में मारपीट, 4 घायल

**सलामतपुर.** कस्बे में देर रात धान के रुपयों के लेन देन को लेकर व्यापारी और किसान के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के चार लोगों को चोटें आ गई. किसान और उसके लड़के को सिर में गंभीर चोटें आने के कारण भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती किया है. सलामतपुर पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात कस्बे के व्यापारी दिनेश साहू को किसान उस्मान खान ने 3100 रुपये क्विंटल के हिसाब से लगभग सवा लाख रुपये की धान बेची. व्यापारी ने 37000 रुपये देकर बकाया रुपये दो दिन में देने का बोला. लेकिन जब किसान उस्मान खान ने रसीद देखी तो उसमें बकाया राशि एक सप्ताह बाद देने का समय लिखा था. बस इसी बात पर व्यापारी दिनेश साहू और किसान उस्मान खान के साथ विवाद हो गया.

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही करने पर कार्रवाई

- हेड मास्टर को किया निलंबित
- अधिकारियों-कर्मचारियों को नोटिस जारी

**भोपाल, 20 नवंबर. विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान विधानसभा क्षेत्र 155 हुजूर में बीएलओ सुपरवाइजर तथा जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है।**

निर्वाचन कार्यों की गंभीरता को देखते हुए भोपाल जिला प्रशासन ने दंडात्मक कदम उठाए हैं। जारी आदेशानुसार महेश कुमार राज, हेड मास्टर, शासकीय माध्यमिक विद्यालय मिसरोद को निलंबित किया गया तथा मनोज कुमार चौधरी, सहायक संचालक कृषि लेखा, कार्यालय संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल, मोहनलाल विश्वकर्मा, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शासकीय हाईस्कूल बावचिया भोपाल, नीता यादव, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शाउमावि महाराणा प्रताप नगर, महेश मूल चंदानी, प्राचार्य, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारीसिंह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगामी चरणों में भी नियमित समीक्षा एवं सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# भावांतर योजना : सोयाबीन का मॉडल रेट हुआ 4267 रुपये

**नवभारत न्यूज**
**रायसेन, 20 नवंबर. भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए गुरुवार 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी.**

सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है. पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था. इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए और 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था.

राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी.

# पांच जनवरी से होगी बाघों की गणना



**रायसेन, 20 नवंबर. बाघ आकलन ( गणना ) वर्ष 2026 के लिए गुरुवार को रायसेन वन मंडल के कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया. यह प्रशिक्षण ईको सेंटर गढ़ी में हुआ, जिसमें सबडिवीजन रायसेन की चारों रेंज पूर्व, पश्चिम, गढी और बेगमगंज के कर्मचारी शामिल हुए.**

इस अवसर वन मंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया. उन्होंने सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और आकलन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा कार्य को कुशलता से पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कार्यशाला में उपवन मंडल अधिकारी सुधीर पटले और सिलवानी के इंदर सिंह बारे भी उपस्थित रहे. मास्टर ट्रेनर आदर्श मिश्रा, रविकांत अमृते, अनुराग रघुवंशी ने पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कर्मचारियों को बाघ आकलन 2026 के हर पहलू से अवगत कराया.

> फील्ड पर आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को आकलन से पहले ही दूर करने के लिए कर्मचारियों को हैंड ऑन एक्सरसाइज भी कराई गई. बाघ आकलन 2026 पूरे प्रदेश में चार चरणों में होगा, जिसमें रायसेन वन मंडल में यह कार्य तीसरे चरण में, यानी 5 से 12 जनवरी के बीच किया जाएगा.

# स्कूल की प्रिंसिपल पर छात्र को पीटने पर केस दर्ज

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 20 नवंबर. ईदगाह हिल्स में एक स्कूल की प्रिंसिपल पर 6वीं कक्षा के छात्र की बुरी तरह पिटाई करने का मामला सामने आया है. मासूम छात्र के साथ हुई इस तरह की पिटाई से वह बेहोशी की हालत में पहुंच गया.**

स्कूल से ही परिजनों को फोन पर सूचना दी गई. छात्र के पिता मौके पर पहुंचे और अस्पताल में बच्चे को दाखिल कराया. बच्चे के पिता ने मामले की शिकायत पर शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है. इलाके में स्थित गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल सुरजीत कौर ने 12 साल के छात्र की बुरी तरह पिटाई की.

> कौर ने छात्र के भविष्य को बर्बाद करने की धमकी भी दी. बताया जा रहा है कि कौर ने जिस छात्र के साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट की. बच्चा जब बेहोश हो गया, तब स्कूल प्रबंधन ने इसकी जानकारी उसके घरवालों को दी. छात्र के पिता स्कूल पहुंचे और उन्हें अपने बच्चे के गाल सहित शरीर पर थप्पड़ के निशान दिखे. पिता ने छात्र का इलाज करवाते हुए स्कूल की प्रिंसिपल पर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है.

# जन शिकायतों के समाधान में योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग अव्वल

**भोपाल.** सीएम हेल्पलाइन में जन शिकायतों का समाधान करने में योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने पहला स्थान प्राप्त किया है. विभाग ने ग्रेड ए पाकर 93.2 प्रतिशत स्कोर किया है जबकि ऊर्जा विभाग ने 90.26 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग 89.35 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान पर है.

योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग को 1869 शिकायतें मिली जिसमें संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का प्रतिशत 54.64 फीसदी रहा और 50 दिन से अधिक शिकायतों का प्रतिशत 8.68 प्रतिशत और गुणवत्ता से बंद शिकायतों का प्रतिशत 10 रहा.

# गोविंदपुरा में तीन दिनी फेड एक्सपो आज से

- रूस, ओमान, ताईवान के उद्योग प्रतिनिधि भी होंगे शामिल
- सौ से अधिक एमएसएमई अपने उत्पादों का करेंगे प्रदर्शन

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 20 नवंबर. राजधानी भोपाल में तीन दिन फेड एक्सपो 21 नवंबर से शुरू होगा. इस एक्सपो में सौ से अधिक एमएसएमई अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे, वहीं रूस, ओमान, ताईवान सहित अन्य देशों के उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे. इससे प्रदेश के साथ ही राजधानी के आसपास के औद्योगिक प्रतिष्ठानों को अपने उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध कराने के लिये अवसर भी मिलेगा.**

यह जानकारी गुरुवार को फेडरेशन ऑफ एमपी चैम्बर्स कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष दीपक शर्मा पत्रकार वार्ता के दौरान दी. उन्होंने बताया कि फेड एक्सपो राजधानी के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित जीआईए एक्जीबिशन सेंटर में होगा, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे.

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य उद्योगों, सरकारी उपक्रमों और एमएसएमई इकाइयों के बीच आपसी संवाद, व्यवसायिक सहयोग और नये व्यापारिक अवसरों का सृजन करना है. कार्यक्रम में भेल, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, रेलवे, रक्षा प्रतिष्ठान, एचईजी, रेलवे, बीना रिफायनरी सहित अन्य बड़ी इकाइयों के अलावा राज्य सरकार के विभागों और क्षेत्रीय औद्योगिक इकाइयों की सक्रिय भागीदारी रहेगी. इस दौरान एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से वेंडर बनने का अवसर मिलेगा.

> तीन दिनी एक्सपो 23 नवंबर तक चलेगा, आयोजन के दौरान बीटूबी और बीटूजी मीटिंग्स भी होंगी. उन्होंने कहा कि अगले चार-पांच वर्षों में भोपाल भी मैनुफेक्क्ररिंग का हब बन जाएगा. अगले 10 वर्षों में देश की डिफेंस इंडस्ट्री भी बहुत बदल जाएगा. भारत इस मामले में दुनिया के बड़े निर्यातकों में शामिल हो जाएगा.



# 40 बच्चों को वितरित किए स्वेटर

**बैरसिया, 20 नवंबर. शासकीय पीएमश्री सरोजिनी नायडू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरसिया की प्राचार्य गीता जोशी ने एकल विद्यालय की प्री-नर्सरी में अध्ययनरत लगभग 40 बच्चों को स्वयं की ओर से स्वेटर वितरित किए.**

गौरतलब है की प्राचार्या जोशी पूर्व में पदस्थ शाला में भी बच्चों को स्वेटर अथवा पठन पाठन की उपयोगी सामग्रियों का वितरण करती रही हैं. इसी कड़ी में बुधवार को शाला की प्री- नर्सरी के बच्चों को स्वेटर बांटे.

प्राचार्या जोशी ने बताया कि नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों के बीच बैठकर साथ लंच करना और पढ़ाना अच्छा लगता है. ओर खुशी की अनुभूति होती है. इस अवसर पर शिक्षक आरसी गोयल सहित स्टॉफ मौजूद था.

# आरक्षित वर्ग के युवाओं की उपेक्षा की

## पिछड़ा दलित महासंघ ने सिविल जज भर्ती में लगाया भेदभाव का आरोप

**भोपाल, 20 नवंबर. भाजपा सरकार भले ही आरक्षित वर्ग को लुभाने के लिए बड़ेबड़े विज्ञापनों को दिखाकर हिमायती होने का डिंडोरा पीट रही है, लेकिन उसकी जमीनी हकीकत उससे बिल्कुल नजर नहीं आती है. इसका सबसे बड़ा उदाहरण पिछले दिनों आए सिविल जज भर्ती परीक्षा के परिणामों की सूची में देखा जा सकता है. आरक्षित वर्ग के साथ यह भेदभाव अनुचित है.**

पिछड़ा दलित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ददन सिंह यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि वैसे तो



हमेशा से आरक्षित वर्ग के साथ शासन स्तर पर भेदभाव होता आया है, जो आज भी हो रहा है. जिससे आरक्षित वर्ग के सभी समुदायों में भारी आक्रोश है. यादव का कहना है कि विगत दिनों सिविल जज 2022 की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया.

> जिसमें एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की पूरी तरह अनदेखी की गई है. कुल 191 पदों में से 121 पद एसटी वर्ग के थे, लेकिन एक भी अभ्यर्थी का चयन नहीं किया गया. 18 पद एससी वर्ग के थे, जिनमें से केवल 1 अभ्यर्थी का चयन हुआ. ओबीसी वर्ग के 9 पद थे, जिनमें से 5 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 43 अनारक्षित पदों में से 41 पद भर लिए गए. यानि आरक्षित वर्ग के कुल 148 पदों में से केवल 6 पद ही भरे गए.



# ट्रैक्टर में दबने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बेगमगंज, 20 नवंबर. गेहूंरास गांव में एक किसान के खेत पर गेहूं की बुआई करने गया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें दबने से ट्रैक्टर मलिक की मौत हो गई और दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने किया मामला दर्ज.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार गेहूंरास गांव में गुड्डा अहिरवार नामक किसान के खेत पर किराए से गेहूं की बोवनी करने ट्रैक्टर मालिक व चालक अर्जुन अहिरवार पिता गुलाब अहिरवार 35 वर्ष निवासी पाटन तहसील गैरतगंज आ रहा था कि शाम करीब 4 बजे अचानक उसका ट्रैक्टर गांव के पास निर्माणाधीन सड़क की पुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलटकर सड़क के नीचे खाई में गिर गया. ट्रैक्टर के नीचे दबने से अर्जुन अहिरवार की मौत हो गई जबकि उसके साथी बुद्धा लाल अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. खबर मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी राजीव उइके पुलिस बल के साथ पहुंच गए और ट्रैक्टर के नीचे दबे मृतक को पुलिसकर्मियों के सहयोग से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम भेजा. दूसरा घायल बुद्धा अहिरवार अस्पताल में भर्ती है.

## बाड़े के विवाद में डंडा मारकर युवक का सिर फोड़ा

**सलामतपुर.** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरा गांव में बाड़े के विवाद में खूनी संघर्ष हो गया. जिसमें जमकर डंडों से मारपीट की गई. एक युवक का सिर फट गया. जिसे गंभीर हालत में पहले सांची सिविल अस्पताल और बाद में विदिशा रेफर किया गया है. सलामतपुर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (SOUTH) CITY DIVISION
SECOND STOP, TULSI NAGAR, BHOPAL
Phone No. : 0755-2678306, E-Mail : citysouthbpl@gmail.com
No.: DGM/CDS/PUR/3847 — Bhopal, Dated 17.11.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of Unit/Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Manager H.T.M. (Subdivision No. 02) South Under City Division South, Bhopal | Vehicle enquiry for hiring of one No. Type F-5: Mahindra Bolero Camper Mini Pickup Double cabin With Ladder Model-2025 | 3000/- | 29.11.2025 Up to 03.00 P.M. | 29.11.2025 at 03.30 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/123110/2025 — **DGM (South)**

**चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड**
Chola — Enter a better life
कॉर्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी-54 और सी-55, 4, थिरू वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइंडे, चेन्नई-600032 (तमिलनाडु)

**मांग नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के प्रावधानों के अंतर्गत**

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (सुरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है. अधोहस्ताक्षरी का यह मानना है कि उधारकर्ता मांग सूचना की तामील से बच रहा है, इसलिए नियमों के अनुसार सूचना को चिपकाने और प्रकाशित करने से उसकी तामील प्रभावित हो रही है. मांग सूचना की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत है :-

| क्र. | उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता | ऋण राशि | डिमांड नोटिस की तिथिएवं बकाया राशि | संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋण खाता संख्या: HL21BHO000092459** **1. श्री/श्रीमती साक्षी गोस्वामी** **2. श्री/श्रीमती यादविंदर सिंह** **पता**: फ्लैट संख्या 21, छठी मंजिल, ब्लॉक संख्या C, नंद विहार, ग्राम कटारा हिल्स, भोपाल, नंद विहार, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462043. **यहाँ भी**- फ्लैट संख्या C-21 छठी मंजिल, ब्लॉक संख्या C कटारा हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश - 462043. | रु. 17,74,000/- | 28.10.2025 रु.20,04,589/- (रुपये बीस लाख चार हजार पाँच सौ नवासी मात्र) 28.10.2025 तक | सी-21, छठी मंज़िल, ब्लॉक संख्या सी, नंद विहार, कटारा हिल्स भोपाल, नंदविहार, 69/1k और 69/2, भोपाल, मध्य प्रदेश, लैंडमार्क- ग्लोबल पार्क सिटी के पास, निकटतम चोला शाखा-भोपाल, निकटतम चोला शाखा-13 से दूरी, सीमाएँ दिशाएँ-योजना/विलेख/ लेआउट के अनुसार- पूर्व- खुला, पश्चिम- फ्लैट संख्या सी-24, दक्षिण- फ्लैट संख्या सी-22, उत्तर- खुला, वास्तविक स्थल के अनुसार- पूर्व- खुला, पश्चिम- फ्लैट संख्या सी-24, दक्षिण- फ्लैट संख्या सी-22, उत्तर- खुला. |

उधारकर्ताओं को एतद् द्वारा सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का अनुपालन करें और उसमें और ऊपर उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय सहित भुगतान प्राप्ति की तिथि तक करें. उधारकर्ता ध्यान दें कि चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकर्ताओं द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है. यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सुरक्षित लेनदार अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्ज़ा लेने के सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करके उन्हें स्थानांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह सीमित नहीं है. सुरक्षित लेनदार को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को कुर्क और/या सील करने का भी अधिकार है. सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, सुरक्षित लेनदार को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य सुरक्षित लेनदार को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है. यह उपाय किसी भी अन्य कानून के तहत सुरक्षित लेनदार के लिए उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है. उधारकर्ता(ओं) का ध्यान अधिनियम की धारा 13 (8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय और धारा 13 (13) की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेन-देन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित/निषिद्ध किया जाता है. उपरोक्त का पालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है. मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(ओं) यदि चाहें तो इसे अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्य दिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं.

**स्थान : भोपाल, मध्यप्रदेश** — **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक :- 28-10-2025** — **चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल, जोन क्र. 8, यांत्रिक विभाग**
**निविदा आमंत्रण सूचना पत्र**

**क्र. 117/यां.वि./2025** — **भोपाल, दिनांक 19/11/2025**

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | निविदा क्रय करने का अंतिम समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_462948_1 | Construction of Extra Room in Community Hall in Front of 105/13 Shivaji Nagar W-46, Z-08, Estimate No. 2025200961 First Call | 635592.00 | 1-12-2025 | 5.30 PM |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/. 2. Amendments to NIT, if any, would be publish website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

**Assistant Engineer**
**नि.क्र. 2695/025/026** — **Zone-08, Bhopal Municipal Corporation**

**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LTD.**
OFFICE OF THE Addl. C.E. (P&W), SHREE SINGAJI THERMAL POWER PROJECT, Dongalia
Distt. Khandwa (MP), E-mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com, Website: www.mppgcl.mp.gov.in
No. 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/6709 — Date : 20.11.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) Including GST | EMD & Tender Cost in Rs. | Due Date & Time for Closing Online Submission |
|---|---|---|---|
| Annual contract for watch and ward at ash dyke of SSTPP, Stage-II, MPPGCL, Dongalia Distt. Khandwa. (T-2025_MPPGC_450604 _1) | Rs.16,37,820/- (Inclusive of GST) | 32,800/- & 1000/- | 04.12.2025 Up to 15:30 hrs. |
| Procurement of complete air inlet ring segment assembly for coal mill (Make L&TMHI Model MVM32F) for boiler maintenance division II, 2x660 MW, SSTPP, Stage II, MPPGCL, Dongalia (T-2025_MPPGC_457877_1) | Rs. 29,89,434/- (Inclusive of GST) | 59,800/- & 1000/- | 28.11.2025 up to 15:30 hrs. |
| Procurement High Bay LED lights, LED battens with diffuser & driver and 2X2 lighting panels for 2X600 MW of SSTPP, Dongalia, Khandwa. (T-2025_MPPGC_457852_1) | Rs. 38,51,815/- (Inclusive of GST) | 77,000/- & 1000/- | 08.12.2025 Up to 15:30 hrs. |
| Procurement of EOT/hoist spares for various EOT's/hoists of 2X600MW, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. (T-2025_MPPGC_460894_1) | Rs. 26,21,500/- (Inclusive of GST) | 52,400/- & 1000/- | 01.12.2025 Up to 15:30 hrs |
| Procurement of Differential Pressure Transmitter and pressure transmitter for 2x600MW, SSTPP, MPPGCL, Khandwa (T-2025_MPPGC_457854_1) | Rs.19,10,007/- (Inclusive of GST) | 38,200/- & 1000/- | 08.12.2025 up to 15:30 hrs. |
| Rate contract for oil filtration of 80 Nos. BHEL make 100 KVA ESP Transformer rectifier set unit-1, SSTPP, PH-I, MPPGCL, Dongalia. (T-2025_MPPGC_452632_1) | Rs. 13,77,768/- (Inclusive of GST) | 27,600/- & 1000/- | 15.12.2025 Up to 15:30 hrs. |
| Procurement of spares of HP Bypass Valve (Model: AV-140, Tag No. BPV-1 & BVP-2) installed in Unit No. 1&2 at 2x600 MW at SSTPP, MPPGCL, Dongalia. (T-2025_MPPGC_457980_1) | Rs. 17,85,987/- (Inclusive of GST) | 35,700/- & 1000/- | 24.11.2025 Up to 15:30 hrs. |
| Procurement of complete set of spares of HP Pilot valve & servo cylinder for HP Servomotor of TDBFP-Turbine Main Control valve and its oil seals for Unit No. 1&2 at 2x600 MW, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. (T-2025_MPPGC_446155_1) | Rs. 21,42,875/- (Inclusive of GST) | 42,900/- & 1000/- | 24.11.2025 Up to 15:30 hrs. |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at **www.mptenders.gov.in.**
M.P. Madhyam/123111/2025 — **SE (P&W)**